# छोटी सी अर्ज़ी लाया

छोटी सी अर्ज़ी लाया बाबा कर लो तुम स्वीकार
इतना भरोसा मुझको,करोगे ना तुम इंकार

हार गया दुखो ने मुझको,तोड़ दिया
कोई नहीं है तुम संग,नाता जोड़ लिया
साथ निभाना मेरा साँवरे तेरो ही आधार
इतना भरोसा मुझको..........

दर दर भटका तब जाके,मिला तेरा दर
तेरे चरणों में रख दिया,मैंने अपना सर
तुम ना सुनोगे किस को सुनाऊ सुन लो करुण पुकार
इतना भरोसा मुझको..........

आस मेरी तुझ पर ही टिकी,मेरे श्याम धणी
थोड़ी सी कृपा कर दो,ना माँगा ज्यादा धणी
कमी तुझे किस बात की बोलो भर दो मेरे भंडार
इतना भरोसा मुझको.....

जिस पर हो मेरे श्याम,तेरी सीधी दृष्टि
उसका क्या बिगड़ेगी,फिर ये सृष्टि
"रूबी रिधम" तेरे द्वार खड़े बाबा दोनों हाथ पसार
इतना भरोसा मुझको............

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11280/title/choti-si-arji-laaya-baba-kar-lo-tum-savikaar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |